# मॉडल - (02)

## विषय - व्यवसाय अध्ययन, कक्षा– 10वी

## विषय कोड–215

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश–**

1. **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**
2. **प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।**
3. **प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।**
4. **प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।**
5. **प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है।**
6. **प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है।**
7. **प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) व्यवसाय के आर्थिक उद्देश्यों में सम्मिलित नहीं है –

(अ) ग्राहक सृजन (ब) निरंतर नवप्रवर्तन

(स) रोजगार उपलब्ध कराना (द) संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग

(ii) भारतीय साझेदारी अधिनियम कब बनाया गया –

(अ) 1932 (ब) 1956

(स) 2008 (द) 1912

(iii) ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा परिवहन की सुविधा क्या कहलाती है –

(अ) एक औद्योगिक ईकाई (ब) व्यापार

(स) व्यापार की सहायक ईकाई (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) फिक्स डिपोजिट एकाउंट सुविधा निम्न द्वारा उठायी जाती है :–

(अ) व्यापारी (ब) वेतनभागी

(स) लंबे समय के लिए धन की बचत करने वाले द्वारा

(द) मासिक रूप से ब्याज पाने वाले द्वारा

(v) थोक व्यापारी इनके बीच एक महत्वपूर्ण कडी है :–

(अ) उत्पादक व थोक व्यापारी (ब) फूटकर व्यापारी

(स) उत्पादक व उपभोक्ता (द) उत्पादक व फुटकर व्यापारी

(vi) विज्ञापन के मुद्रित माध्यम में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलत नहीं है :–

(अ) समाचार पत्र (ब) पत्रिकाएं

(स) इंटरनेट (द) पोस्टर

(vii) निम्न में से कौन सा उद्यमी का कार्य नहीं है–

(अ) विचारों को कार्यान्वित करना (ब) संभाव्यता अध्ययन

(स) संसाधनों को उपलब्ध कराना (द) चालू व्यवसाय को समाप्त करना

(viii) निम्न में से कौन सी विक्रय संवर्धन की विधि है –

(अ) मुफ्त नमूने (ब) विज्ञापन

(स) प्रचार (द) वैयक्तिक विक्रय

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) उद्योग का संबंध.............................. से है।

(ii) संयुक्त हिंदु अविभाजित परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य को.................... कहते हैं।

(iii) सार्वजनिक भण्डारगृह का स्वामित्व .................................... हाथों में होता है।

(iv) ....................... डाक सेवा के जरिए उत्पादकों और सेवाओं के विज्ञापन डाकघर के माध्यम से किये जाते हैं।

(v) व्यवसायी .......................... कमाता है, क्योंकि लोग उसकी वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य चुकाते हैं।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य बताइये –**

(i) जल परिवहन में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में सुविधा होती है।

(ii) भण्डारगृहों में होने वाले नुकसान की भरपाई भण्डारगृहों नहीं करते हैं।

(iii) प्रति उत्तर संप्रेषण प्रकिया का एक तत्व है।

(iv) समुद्री बीमा अनुबंध, साधारण अनुबंध है जबकि जीवन बीमा, क्षतिपूर्ति अनुबंध है।

(v) थोक विक्रेताओं को अपने व्यवसाय के लिए छोटी पूंजी की आवश्यकता होती है।

(vi) विभागीय भण्डार वह फुटकर दुकान है, जहां एक ही भवन में अलग–अलग विभाग और काउण्टरों पर विभिन्न वस्तुओं की बिक्री होती है।

(vii) विज्ञापन में आने वाली लागत को प्रायोजक वहन करता है।

निर्देश – प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 अनार्थिक क्रियाओं के दो उदाहरण लिखिए ?

प्रश्न 3 पेशे की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

प्रश्न 4 क्या एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय का अस्तित्व हमेंशा के लिए रह सकता है ?

प्रश्न 5 सहकारी समिती का क्या अर्थ होता है ?

प्रश्न 6 भू–तल परिवहन के विभिन्न साधनों के नाम लिखिए।

प्रश्न 7 संप्रेषण प्रक्रिया के चार तत्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न 8 प्राइवेट कोरियर सेवा क्या है ?

प्रश्न 9 कय से क्या अभिप्राय है।

प्रश्न 10 किन्हीं चार ऐसी सेवाओं के नाम बताइये, जिनका वितरण प्रत्यक्ष माध्यमों से किया जाता है।

प्रश्न 11 सुपर बाजार का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 12 विकय संवर्धन को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 13 नौकरी का क्या अर्थ है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 केन्द्रीय बैंक का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 15 थोक विक्रेता और फुटकर विक्रेता में कोई तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 16 उपभोक्ता से क्या आशय है ?

प्रश्न 17 उपभोक्तावाद अवधारणा का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 18 व्यवसाय में नौकरी के कौन–कौन से अवसर हैं ?

प्रश्न 19 उद्यमी के तीन गुण लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 व्यवसाय की किन्हीं चार विशेषताओं को समझाइये।

अथवा

वायु प्रदूषण के किन्हीं चार कारणों को समझाइये

प्रश्न 21 निजी कंपनी की चार विशेषताओं को लिखिए।

अथवा

संयुक्त पूंजी कंपनी की चार विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 22 एक आदर्श भण्डारगृह की चार विशेषताओं को समझाइये।

अथवा

सड़क परिवहन के चार लाभ समझाइये।

प्रश्न 23 वी.पी.पी तथा बी.आर.पी. में चार अंतर लिखिए।

अथवा

शाब्दिक (लिखित) और गैर शाब्दिक (मौखिक) संप्रेषण में चार अंतर लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 स्पष्ट कीजिए कि बीमा, व्यापार और उद्योग जगत के लिए किस प्रकार सहायक है ?

अथवा

एक वाणिज्यिक बैंक के प्राथमिक कार्यों को समझाइये।

प्रश्न 25 ग्राहकों को बहुसंख्यक दुकानों से होने वाले पांच लाभों को समझाइये।

अथवा

ग्राहकों के लिए सुपर बाजार किस प्रकार लाभदायक है ? समझाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 विज्ञापन का क्या अर्थ है ? इसकी चार विशेषताएं लिखिए।

अथवा

विक्रय संवर्धन की किन्हीं छह तकनीकों को समझाइये।

प्रश्न 27 उपभोक्ता अदालतों में कोई भी शिकायत दर्ज कराते समय किन–किन सूचनाओं की आवश्यकता होती है ?

अथवा

उपभोक्ता किसे कहते हैं ? उपभोक्ता के किन्हीं चार दायित्वों को समझाइये।